प्रेस विज्ञप्ति

# सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया का द्वितीय तिमाही में लाभ वार्षिक आधार पर 55% से बढ़कर ₹ 250 करोड़ हो गया.

## प्रमुख विशेषताएं

- निरंतर बेहतर प्रदर्शन के साथ, बैंक ने वार्षिक आधार पर ₹ 161 करोड़ की तुलना में ₹ 250 करोड़ (55.28%) का शुद्ध लाभ दर्ज किया है तथा 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के ₹ 206 करोड़ की तुलना में (तिमाही आधार पर 21.36%) का शुद्ध लाभ दर्ज किया है.

- परिचालन लाभ वार्षिक आधार पर **₹** 1386 करोड़ से ( 1.08 %) और तिमाही आधार पर ₹ **1085** करोड़ से (29.12%) बढ़कर ₹ 1401 करोड़ हो गया.

- कुल मूल जमाओं में कासा की हिस्सेदारी वार्षिक आधार पर 47.72 प्रतिशत से बढ़कर 49.79 प्रतिशत हो गई है, जिसमें 207 आधार अंकों का सुधार दर्ज किया गया है और तिमाही आधार पर 49.20 प्रतिशत से बढ़कर 49.79 प्रतिशत हो गयी है, जिसमें 59 आधार अंकों का सुधार दर्ज किया गया है.

- शुद्ध एनपीए वार्षिक आधार पर 5.60% से घटकर 4.51% हो गया, जिसमें 109 **आधार अंकों** का सुधार दर्ज किया गया और तिमाही आधार पर 5.09% से घटकर 4.51% हो गया जिसमें 58 **आधार अंकों** का सुधार दर्ज किया गया.

- बेसल ।।। के तहत सीआरएआर में वार्षिक आधार पर 12.34% से 15.38 % तक सुधार हुआ है, जिसमें 304 आधार अंकों का सुधार दर्ज किया गया है और तिमाही आधार पर 14.88% से 15.38 % के साथ 50 आधार अंकों का सुधार दर्ज किया गया है.

- प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) वार्षिक आधार पर 82.24% से बढ़कर 85.86% हो गया जो 362 **आधार अंकों** का सुधार दर्शाता है और तिमाही आधार पर 84.28% से 85.86% की बढोतरी के साथ 158 **आधार अंकों** का सुधार दर्शाता है.

**लाभप्रदता:**

- निवल ब्याज आय (एनआईआई) वार्षिक आधार पर **₹** 2354 करोड़ से बढ़कर ₹ 2495 करोड़ (5.99%) हो गई है और तिमाही आधार पर **₹** 2135 करोड़ से बढ़कर ₹ 2495 करोड़ (16.86%) हो गई है.

- शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वार्षिक आधार पर 3.21% से बढ़कर 3.36% हो गया है, जिसमें 15 आधार अंकों का सुधार दर्ज किया गया है और तिमाही आधार पर 2.84% से बढ़कर 3.36% हो गया है, जिसमें 52 आधार अंकों का सुधार दर्ज किया गया है.

- परिचालन लाभ में वार्षिक आधार पर ₹ 1386 करोड़ से ₹ 1401 करोड़ (1.08% ) का मामूली सुधार हुआ है और तिमाही आधार पर ₹ 1085 करोड़ से (29.12%) का सुधार हुआ है.

- 30 सितंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए लागत-आय अनुपात 56.42% है , जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 54.73% था और 30 जून, 2021 को 61.39% था.

- आस्तियों पर प्रतिफल(आरओए) में वार्षिक आधार पर 0.19% **से** 0.29% (10 आधार अंक) और तिमाही आधार पर 0.24% ( 5 आधार अंक ) का सुधार हुआहै.

- जमा लागत वार्षिक आधार पर 4.45% से 3.84% ( 61 आधार अंक) और तिमाही आधार पर 3.93% (9 आधार अंक) से घट गई.

- द्वितीय तिमाही' 22 के लिए अग्रिमों पर लाभ 6.66% रहा, जबकि द्वितीय तिमाही' 21 में यह 7.31 था. यह मुख्य रूप से एमसीएलआर में कमी और आरबीएलआर पोर्टफोलियो में वृद्धि के कारण है. हालांकि, तिमाही आधार पर यह 6.55% से बढ़कर 6.66% ( 11 आधार अंक) हो गया है.

- प्रति कर्मचारी व्यवसाय वार्षिक आधार पर ₹ 15.42 करोड़ से बढ़कर ₹ 16.43 करोड़ हो गया है और तिमाही आधार पर ₹16.00 करोड़ से बढ़ गया है.

## आस्ति गुणवत्ता:

- सकल एनपीए वार्षिक आधार पर 17.36% से घटकर 15.52% हो गया, जिसमें 184 आधार अंकों का सुधार दर्ज किया गया और तिमाही आधार पर 15.92% से 15.52 % होने के साथ 40 बीपीएस का सुधार दर्ज किया गया.

- शुद्ध एनपीए वार्षिक आधार पर 5.60% से घटकर 4.51 % हो गया, जिसमें 109 आधार अंकों का सुधार दर्ज किया गया और तिमाही आधार पर 5.09% से 4.51 % के साथ 58 आधार अंकों का सुधार दर्ज किया गया.

- प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) वार्षिक आधार पर 82.24% से बढ़कर 85.86 हो गया जो 302 आधार अंकों की वृद्धि दर्शाता है और तिमाही आधार पर 84.28% से 85.86 के सुधार के साथ 158 आधार अंकों की वृद्धि दर्शाता है.

- ऋण लागत में वर्ष- दर-वर्ष आधार पर 1.62% से 0.72 % (90 बीपीएस) का सुधार हुआ है.

- द्वितीय तिमाही' 21 के दौरान 0.08% के मुकाबले स्लिपेज अनुपात 1.45 % था, क्योंकि कोविड -19 महामारी के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अधिस्थगन दिया गया था. द्वितीय तिमाही' 22 में यह 0.95% था. तिमाही के दौरान स्लिपेज अनुपात ₹ 1150 करोड़ के दो कॉर्पोरेट खातों के स्लिपेज के कारण बढ़ा. यदि तिमाही के दौरान ये खाते स्लिप नहीं होते तो द्वितीय तिमाही' 22 के लिए स्लिपेज अनुपात 0.67% होता

## पूंजी:

- बेसल III के तहत सीआरएआर में वार्षिक आधार पर 12.34% से 15.38 % तक सुधार हुआ है, जिसमें 304 बीपीएस का सुधार दर्ज किया गया है और तिमाही आधार पर 50 बीपीएस का सुधार दर्ज करते हुए 14.88% से 15.38 % तक सुधार हुआ है.

- लिवरेज अनुपात में वार्षिक आधार पर 3.96% से 5.15 % ( 119 बीपीएस) और तिमाही आधार पर 5.13% (2 बीपीएस)का सुधार हुआ है.
- स्टैंडअलोन आधार पर बैंक की 30 सितम्बर 2020 की शुद्ध संपत्ति में ₹ 19,033.59 करोड़ से 30 सितंबर 2021 को ₹ 23,185.66 करोड़ सुधार हुआ है

## डिजिटल बैंकिंग:

- एडीसी (वैकल्पिक वितरण चैनल) के माध्यम से डिजिटल लेनदेन की हिस्सेदारी सितंबर 2021 को समाप्त 12 महीनों की अवधि के दौरान सितंबर 2020 को समाप्त इसी अवधि की तुलना में 65.41% से **बढ़कर** 78.03 % हो गई,
- 30 सितंबर 2020 के 2.53 करोड़ की तुलना में 30 सितंबर 2021 को सक्रिय डेबिट कार्ड 2.83 करोड़ उपयोगकर्ता हैं.

## शाखा वर्गीकरण :

- दिनांक 30 सितंबर 2021 को कुल 15185 बैंकिंग सेवा बिंदुओं के साथ बैंक की देशव्यापी उपस्थिति है, जिनमें 4594 शाखाओं में से 63.91% (2936 शाखाएं) शहरी और अर्धशहरी क्षेत्रों में हैं तथा 3392 एटीएम और 7199 बी.सी.पॉईंटस हैं.

व्यवसाय विशेषताएं :

- कुल व्यवसाय वार्षिक आधार पर 500,737 करोड़ की तुलना में 30 सितंबर 2021 को ₹ 512,094 करोड़ अर्थात ₹ 11357 करोड़ (2.27%) की वृद्धि दर्शाता है.

- कुल जमा में ₹ 13056 करोड़ वृद्धि हुई है और 30 सितंबर, 2020 के 323,444 करोड़ की तुलना में 30 सितंबर, 2021 कोवे ₹ 336,500 है जो वार्षिक आधार पर 4.04% वृद्धि दर्शाती है.

- कुल मूल जमाओं में कासा की हिस्सेदारी वार्षिक आधार पर 47.72 प्रतिशत से **बढ़कर** 49.79 प्रतिशत हो गई है, जो 207 आधार अंकों का सुधार दर्शाते है और तिमाही आधार पर 49.20 प्रतिशत से बढ़कर 49.79 प्रतिशत हो गई है, जिसमें 59 आधार अंकों का सुधार दर्ज किया गया है.